ख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्य जज 58/प्रा0पत्र/2024 कंवरलाल बनाम रामजीवन वगै0	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
20/01/2025	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 1 व 2 बावजूद सूचना हाजिर नहीं होने से इनके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। वकील प्रार्थी बहस सुनी गई। प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 2 में वर्णित खाता संख्या नया 79 पुराना 75 कुल किता 15 कुल रकबा 5.69 है0 वाके ग्राम व माल सारसला में विस्थित है। जिसमें प्रार्थी 1/4 हिस्से का सहखातेदार रिकार्ड दर्ज है। जिस पर अप्रार्थीगण जबरन कब्जा करने पर आमादा है। वकील प्रार्थी द्वारा मौके एवं रिकार्ड की यथास्थिति बाबत निवेदन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। सुविधा का सन्तुलन प्रार्थी के पक्ष में होने से खाता संख्या नया 79 पुराना 75 कुल किता 15 कुल रकबा 5.69 है0 वाके ग्राम व माल सारसला पर मूलवाद के निस्तारण तक मौके की यथास्थिति बनाये रखने बाबत् अप्रार्थीगण को अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार हो, नम्बर से कम हो, मूलवाद के साथ हम फीता हो। उपखण्ड अधिकारी के. पाटन (बून्दी)	

Scanned with OKEN Scanner